हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, गुरुवार 12 जून 2025




## NEET/JEE के लिए भिलाई सुपर 30 में प्रवेश प्रारंभ-आनंद कुमार

जो छात्र NEET व JEE की तैयारी करना चाहते है उनके लिए एक सुनहरा अवसर है कि सुपर 30 भिलाई में नामांकन टेस्ट प्रारंभ हो गया है। इसमें 30 छात्रों को निःशुल्क NEET व JEE की तैयारी करवाया जाएगा, जिसका चयन प्रक्रिया ऑनलाईन व ऑफ लाइन परिक्षा के माध्यम से होगा। 30 चयनित छात्रों को आनंद कुमार के मार्गदर्शन में NEET व JEE का तैयारी करवाया जाएगा इसमें IITians डॉक्टर व एक्सपर्ट शिक्षकों के द्वारा पढ़ाया जाएगा, जिसमें 6 घंटो का क्लास प्रत्येक रविवार को NEET व JEE पर आधारित टेस्ट लिया जाएगा।

दिसंबर से सप्ताह में 3 टेस्ट व अप्रैल में प्रत्येक दिन टेस्ट लिया जाएगा। पिछले वर्ष 30 छात्रों में से 16 छात्रों का चयन हुआ, इस वर्ष 22 से अधिक छात्रों का चयनित होने की संभावना है। यह संस्था पूरे



भारतवर्ष में एकलौती संस्था है। एक नही तीन बार शत प्रतिशत छात्र चयनित हुए है। इसमें सभी वर्ग के लोग आवेदन कर सकते है। यह परिक्षा 12 व 13 जून को ऑनलाईन व ऑफलाइन होगा व परिणाम 14 जून को घोषित होगा।

इस तैयारी का मुख्य उद्देश्य ऐसे छात्रो का चयन करवाना है जो पैसो के आभाव में डॉक्टर व इंजीनियर बनने का अपना सपना पूरा नही कर पाते। यह एक समाजिक पहल है, जो छत्तीसगढ़ वासियों के लिए वरदान साबित होगा, क्योंकि सुपर 30 से कई बार पूरे के पूरे छात्र चयनित हुए है। अब आनंद सर के मार्गदर्शन से छत्तीसगढ़ वासियों को यह सुविधा मिल रहा है **अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नं. 9243226707, 9202581591, 7415295273 पर संपर्क कर सकते है।**

ADVT.


# अवैध रेत उत्खनन का विरोध करने पर ग्रामीण पर फायरिंग, मोहड़ में मचा बवाल

## पार्षद के साथ भी ग्रामीणों का वाद-विवाद, विरोध कर रही महिलाओं ने रोकी पुलिस गाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर से लगे मोहड़ इलाके में बुधवार की देर शाम रेत चोरी के मामले को लेकर बड़ा विवाद हो गया। इलाके में रेत चोरी करने पहुंचे तस्करों का विरोध करने गए ग्रामीणों पर रेत चोरी करने पहुंचे लोगों ने बंदूक तान दी थी। एक युवक पर फायरिंग भी की गई। हालांकि गोली युवक के गले को छूकर निकली। जिसमें वह घायल हो गया। एक युवक रोशन मंडावी को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज व दूसरे युवक जितेन्द्र साहू को जिला चिकित्सालय भेजा गया। मामले के बाद मोहड़ ग्राम में भी जमकर बवाल मचा। ग्रामीणों ने मामले में अवैध रेत खनन करने वाले तस्कर को मौके पर बुलाने की मांग करते हुए चक्काजाम कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मोहड़ इलाके में स्थित नदी से अवैध रेत खनन करने के लिए जेसीबी सहित कुछ वाहन पहुंचे थे। जिसकी जानकारी मिलने के बाद मौके पर कुछ ग्रामीण पहुंचे हुए थे। ग्रामीणों से रेत निकाल रहे तस्करों का वाद-विवाद भी हुआ। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों पर बंदूक तान दी थी। विवाद बढ़ने पर तस्करों ने युवक रोशन मंडावी पर गोली भी चला दी। जिससे युवक लहुलुहान हो गया। इसी घटना के बाद ग्रामीणों में जमकर नाराजगी देखने को मिली। ग्रामीणों ने मोहड़ ग्राम में बवाल मचाते हुए चक्काजाम कर दिया। बताया गया कि नदी में खड़े जेसीबी से भी तोड़फोड़ की घटना हुई है।

### ग्रामीणों में आक्रोश

घटना के बाद मौके पर जमकर बवाल मचा हुआ था। ग्रामीणों ने रेत निकालने वाले तस्करों को मौके पर बुलाने की मांग करते हुए स्थानीय पार्षद संजय निर्मलकर के साथ भी वाद-विवाद किया। बताया गया कि पार्षद की संलिप्तता की आशंका को देखते हुए ग्रामीण काफी नाराज थे। ऐसे में पुलिस के पहुंचने बाद पार्षद को पुलिस वाहन में सुरक्षित बैठाया गया।





घायल युवकों का उपचार

### विवाद रोकने पहुंची पुलिस

शाम को इस घटना की जानकारी मिलते ही बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू सहित स्टॉफ मौके पर पहुंचा। विवाद की स्थिति को शांत कराने की कोशिशें पुलिस करती रही, लेकिन ग्रामीण तस्करी करने वाले मुख्य सरगना को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। इसके अलावा दो तस्करों को भी ग्रामीणों ने पकड़ रखा था, जिसे भी थाना लेकर जाने का विरोध ग्रामीण करते रहे।

## चावल के लिए भटक रहे निराश्रित पेंशनधारी, नियमों में बदलाव से आ रही दिक्कतें

# राशन के लिए फोन जरूरी! 500 की पेंशन में ढाई सौ का रिचार्ज कराने मजबूर निराश्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अनाज लेना है तो मोबाइल लेना भी जरूरी हो गया है। एक तरफ गरीबों को मुफ्त राशन देने योजना बनाई जाती है। वहीं दूसरी ओर उन्हीं गरीबों को राशन देने से पहले मोबाइल लेने मजबूर किया जा रहा है, जिस प्राथमिकता वाले परिवारों को शासन के निर्देश पर एक रुपए किलो के दर से चावल दिया जा रहा है।

उन्हें तीन माह का चावल लेने से पहले ढाई सौ रुपए से अधिक का रिचार्ज अपने मोबाइल पर करना है, क्योंकि बिना ओटीपी आए राशन नहीं दिया जा रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर जिन परिवारों ने रुपयों के अभाव में अपना मोबाइल रिचार्ज नहीं कराया है और मोबाइल पर इनकमिंग सेवा बंद हो गई है, उन्हें भी ओटीपी के लिए मोबाइल रिचार्ज करने की मजबूरी हो गई है। इस नए नियम के तहत जिस हितग्राही के पास मोबाइल फोन नहीं है, उन्हें चावल भी नहीं मिल रहा है। ऐसे हितग्राही को या तो अपने घर-परिवार या फिर अपने पड़ोस से किसी का मोबाइल नंबर अपने आधार से लिंक करना होगा, इसके बाद ही राशन का वितरण किया जाएगा।

### खास बातें

- बगैर ओटीपी नहीं मिल रहा राशन
- जून महीने में एक साथ दिया जा रहा तीन महीने का राशन
- दिक्कतों से लोग परेशान



### प्रक्रिया में आधे घंटे का वक्त

राशन वितरण के लिए ओटीपी प्रकिया पूरी करने के चक्कर में एक हितग्राही के पीछे लगभग आधे घंटे का वक्त लग रहा है। तीन माह का चावल जून माह के भीतर ही वितरण करना है, जो संभव दिखाई नहीं देता है। रोजाना जहां एक राशन दुकान में 40 से 60 हितग्राहियो को राशन वितरण हो जाता था, अब महज 15 से 20 हितग्राहियो को ही राशन का वितरण हो पा रहा है। एक हितग्राही में ही 20 मिनट से अधिक समय लग रहा है।

### नहीं आ रहा ओटीपी

राशन लेने के लिए घंटों इंतजार करने के बाद जब हितग्राही का नंबर आता है और ओटीपी की प्रक्रिया की जाती है तो कई हितग्राहियों के मोबाइल पर ओटीपी नहीं आ रहा है। इसके बाद उन्हें राशन दुकान से लोकसेवा केंद्र में आधार और मोबाइल नंबर लिंक करने भेजा जा रहा है। यहां पहुंचने के बाद भी राहत नहीं है । यहां भी भीड़ लगी हुई है। मोबाइल नंबर लिंक करने 100 रुपए तक देने पड़ रहे हैं।

### 6 बार ओटीपी परेशानी

राशन दुकान संचालक डोमनलाल कश्यप ने कहा कि छह बार की ओटीपी प्रक्रिया पूरी करने में काफी समय लग रहा है। वहीं आधार से मोबाइल लिंक नहीं होने की वजह से राशन वितरण नहीं हो पा रहा है। ऐसे हितग्राहियों को किसी के भी मोबाइल से आधार लिंक कराकर आने कहा जा रहा है।

### रिश्तेदार नहीं दे रहे हैं नंबर

अधिकांश निराश्रित पेंशनधारियों के पास मोबाइल फोन नहीं है। वहीं कुछ अन्य हितग्राही भी हैं, जिन्होंने अब तक मोबाइल फोन नहीं लिया हुआ है, ऐसे में इन हितग्राहियों को राशन नहीं मिल पा रहा है। ओटीपी के लिए आधार से मोबाइल लिंक करने रिश्तेदार भी साथ नहीं दे रहे हैं और अपना मोबाइल नंबर देने से कतरा रहे हैं।

### मोबाइल रिचार्ज कराने पैसे नहीं

मोबाइल रिचार्ज काफी महंगा हो चुका है। 5-6 सौ रुपए पेंशन पर अपना गुजारा कर रहे बुजुर्ग अगर मोबाइल ले भी लेते हैं तो रिचार्ज करने के लिए ही उन्हें लगभग ढाई सौ रुपए लगेंगे। ज्यादातर निजी कंपनियों के मोबाइल रिचार्ज 250 से शुरू है। वहीं बीएसएनल का रिचार्ज 109 रुपए है। कई ऐसे निराश्रित पेंशनधारी हैं, जिनके पास मोबाइल फोन नहीं है। वहीं कई पेंशनधारियों का एकल राशन कार्ड बना हुआ है। जिसकी वजह से उन्हें राशन नहीं मिल पा रहा है। निराश्रित पेंशनधारी राजिमबाई ढीमर ने बताया कि उनके पास मोबाइल नहीं है। जिसकी वजह से समस्या हो रही है।

# शालिमार एक्सप्रेस से गिरा चार वर्षीय बालक

## आरपीएफ ने अस्पताल तक पहुंचाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव आरपीएफ की टीम ने ऑपरेशन सेवा के तहत एक चलती ट्रेन से गिरने वाले चार वर्षीय बालक को रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया। बालक अपनी मां के साथ कोलकाता जा रहा था। इसी बीच डोंगरगढ़ से जटकन्हार रेलवे स्टेशन के बीच यह हादसा हुआ। कम समय में अस्पताल तक पहुंचाए जाने से अब बालक की स्थिति बेहतर है।

मिली जानकारी के अनुसार 10 जून की शाम लगभग छह बजे मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष नागपुर से सूचना प्राप्त हुई कि गाड़ी संख्या 18029 कुर्ला–शालीमार एक्सप्रेस से एक मासूम 4 वर्षीय बालक सागनिक बेरा ट्रेन की आपातकालीन खिड़की से गिर गया है। यह दुर्घटना डोंगरगढ़-जटकन्हार रेलखंड के डाउन लाइन पर घटित हुई। जानकारी मिलने के बाद रेल सुरक्षा बल के सहायक उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह घटनास्थल की ओर रवाना हुए। वहीं गाड़ी के अनुरक्षण दल के प्रधान आरक्षक टीएनएस चौहान एवं महिला आरक्षी ज्योति वाला घायल बच्चे को मां के साथ डोंगरगढ़ की ओर ला रहे थे। घायल बच्चे को प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ लाया गया,

⏩ शेष पेज 13 पर

### सीट पर चढ़ते समय हादसा

बताया गया कि बच्चे की मां आनंदिता बेरा निवासी कोसापुलिया पूर्वी मिदनापुर पश्चिम बंगाल कोच एस-3 में अपने पुत्र के साथ एलटीटी से खड़गपुर की यात्रा कर रही थी। जैसे ही वे ऊपर की सीट पर चढ़ने लगी, बालक अचानक खिड़की से नीचे गिर गया। मां की चीखें और तत्काल एसीपी खींचने की सूझबूझ ने बच्चे की जान बचाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### आरपीएफ ने की मदद

तत्काल एम्बुलेंस की व्यवस्था कर सहायक उप निरीक्षक अर्जुन सिंह, प्रधान आरक्षक एसके मिश्रा रेल सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव साथ में बच्चे को डीकेएस हॉस्पिटल रायपुर भेजा गया, जहां उसका सीटी स्कैन व अन्य चिकित्सीय परीक्षण करवाए गए। डॉक्टरों के अनुसार अब बालक की स्थिति स्थिर है। बच्चे का सामान जो ट्रेन में छूट गया था, उसे आरपीएफ द्वारा सुरक्षित रूप से एकत्र कर अस्पताल लाया गया और मां को हर संभव सहायता जैसे आवश्यक सामग्री, दवाइयां, पानी, बच्चों के जरूरत का सामान आदि भी मुहैया कराए गए।

## 26 को नैन उत्सव, 27 को रथयात्रा

# देव स्नान के बाद नाथ बीमार, मंदिर के पट बंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ज्येष्ठ पूर्णिमा पर भगवान जगन्नाथ को देव स्नान कराया गया। इसके बाद वे 15 दिन के लिए विश्राम में चले जाते हैं। ऐसी भी मान्यता हैं कि इन 15 दिन वे अस्वस्थ रहते हैं। जिसके कारण जड़ी-बूटी युक्त काढा के साथ उनकी सेवा की जाती है। स्वस्थ्य होने पर रथ में सवार होकर नगर भ्रमण कर मौसी के यहां जाते हैं। शहर के प्रभात नगर लालबाग स्थित जगन्नाथ मंदिर में आज ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर परंपरागत ढंग से भगवान जगन्नाथ, बलराम एवं सुभद्राजी को विधि-विधान के साथ मंदिर से बाहर लाकर

⏩ शेष पेज 13 पर

### जड़ी बूटी युक्त काढा से सेवा

ऐसी मान्यता हैं कि ज्येष्ठ की भीषण गर्मी में शीतल जल से स्नान के कारण भगवान जगन्नाथ अस्वथ्य हो जाते हैं। इस अवधि में वे एकांतवाश में रहेंगे। पुजारी भगवान की देखभाल एवं दोनों समय जडी बूटी युक्त काढा का सेवन कराकर सेवा करते हैं। मंदिर के पंडित दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि मंदिर में 26 को नैन उत्सव होगा, भगवान को श्रृंगारित कर दर्पण दिखाएंगे।

# चौपाटी में हुड़दंग दो आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चौपाटी में हो-हुडदंग करने के मामले में पुलिस ने दो अनावेदक के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशा-निर्देश पर बसंतपुर पुलिस द्वारा आपराधिक व असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई किया जा रहा है। इसी कड़ी के दौरान 11 जून को शहर के चौपाटी में हुडदंग करने के मामले में अनावेदक प्रवीण देवांगन 23 साल निवासी इंदिरा व धनंजय साहू 18 साल निवासी इंदिरा नगर के विरूद्व प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई कर माननीय एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### प्रतिबंधात्मक धारा के तहत कार्रवाई

पुलिस के अनुसार बसंतपुर पुलिस को मोबाइल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुआ कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा रानीसागर चौपाटी के पास हो-हुडदंग करे रहे, जिसे वहां उपस्थित लोगों द्वारा समझाईश दिया किया, किन्तु वे लोग नहीं मान रहे हैं। पुलिस को सूचना प्राप्त होने के उपरांत निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी के नेतृत्व में क्षेत्र में परिशांति कायम रखने हेतु टीम आवश्यक कार्रवाई हेतु रवाना किया गया। उपरोक्त अनावेदकगणों द्वारा पुलिस को आते देखकर और भी आक्रोशित होकर हो-हुल्लड करने लगे। उपरोक्त आरोपीगणों के विरूद्व प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई कर अनावेदक को गिरफ्तार कर माननीय एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।










## खबर संक्षेप




### पुनः अध्यक्ष बने अनिल जैन

**डोंगरगढ़।** श्री दिगम्बर जैन समाज की सामाजिक बैठक गत दिनों आयोजित की गई। समिति का कार्यकाल समाप्त होने पर पिछले 3 वर्षों के आय व्यय का ब्योरा सभी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति के कार्य को देखते हुए संरक्षक सिंघई किशोर जैन, निर्मल जैन, अनिल जैन एवं संरक्षक राजेन्द्र जैन, सुभाषचंद जैन, वीरेन्द्र जैन आदि ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर अनिल कुमार जैन एवं कोषाध्यक्ष पद पर जय कुमार जैन को पुनः चुना। चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सामाजिक जन ने उन्हें बधाई दी है।

### तोरण में फंसे बंदर की बचाई जान



**डोंगरगढ़।** रेलवे चौक स्थित विजय उपहार गृह की छत पर एक छोटा बंदर तोरण में बुरी तरह फंस गया। फॉरेस्ट विभाग, विद्युत विभाग और स्थानीय टीम ने रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित बचा लिया। फॉरेस्ट विभाग और स्थानीय टीम के सदस्यों ने जान जोखिम में डालकर बंदर की जान बचाया। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान बंदर का बच्चा छत पर लगी तोरण में फंसा हुआ था। फॉरेस्ट विभाग, विद्युत विभाग और स्थानीय टीम ने कड़ी मशक्कत कर उसकी जान बचाया। रेस्क्यू आपरेशन में सांसद प्रतिनिधि तरुण हत्थेल, अनिल यादव, तेजलाल लिल्हारे, पप्पू इंदुरकर, आकाश यादव, रोशन यादव आदि ने मदद किया।

### विश्व रक्तदाता दिवस मना



**सड़क अतरिया।** पैलीमेटा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बीते दिवस विश्व रक्तदाता दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम युवाओं ने प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। रक्तदान करने की शपथ के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात रक्तदान कर लोगो को नया जीवन देने वाले रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में मनोज साहू ने रक्तदान करने के फायदे,रक्तदान करने के बारे में बताया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी उपेंद्रनाथ ठाकुर ने रक्तदान के लाभ तथा आवश्यकता की जानकारी दी। मनोज साहू ने स्वास्थ केंद्र प्रभारी श्री ठाकुर एवं स्टॉफ को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सरपंच कुमार पाल ने युवाओं को रक्तदान करने प्रेरित किया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य काशीराम पोर्ते ने लोगों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान संजय जांगड़े, शंकर यादव, ढेलू सिंहा, आज़ाद पाल, खेमराज धारणे एवं महिलाएं उपस्थित थी।

### सरकार को बताया शिक्षा विरोधी, प्रस्ताव वापस लेने की मांग

# युक्तियुक्तकरण का विरोध, कांग्रेस ने किया बीईओ दफ्तर का घेराव

## कांग्रेसजनों ने प्रदर्शन कर सौंपा राज्यपाल के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

युक्तियुक्तकरण समाप्त करने अथवा समीक्षा करने की मांग को लेकर मंगलवार को कांग्रेस ने बीईओ कार्यालय का घेराव कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कोंटा में आईडी ब्लास्ट में शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे को श्रद्धांजलि दिया। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान, प्रभारी विपिन यादव, शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज सिंह चौहान, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष संध्या देशपांडे, सचिव नलिनी मेश्राम सहित अन्य उपस्थित थे।

सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि शिक्षा विभाग में युक्तियुक्तकरण से 10463 शालाएं बंद हो जाएगी जबकि पूर्ववर्ती सरकार ने गांव में शाला इसलिए खोला था ताकि बच्चों को प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षा ग्राम में ही प्राप्त हो सके। कांग्रेसजनों ने बताया कि भाजपा ने चुनाव घोषणा पत्र में 57 हजार नवीन शिक्षकों की भर्ती करने का वादा किया था परंतु युक्तियुक्तकरण से 35 से 45 हजार शिक्षकों का रिक्त पद समाप्त हो जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बीएड, डीएड और टेट पास युवाओं के साथ र छल कर रही है।



### पढ़ाई होगी बाधित

ज्ञापन में बताया कि 2008 के सेटअप के अनुसार शाला में 60 बच्चों पर एक प्रधान पाठक और दो शिक्षक का अनुपात तय किया गया है। प्राथमिक शाला में 5 कक्षाएं होती है जिनकी पढ़ाई 2 शिक्षक से संभव नहीं है। युक्तियुक्तकरण के बाद 60 बच्चों में एक प्रधान पाठक और एक शिक्षक होगा।

### प्रक्रिया पर उठाया सवाल

कांग्रेसजनों ने युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए बताया है कि ब्लाक के शिक्षकों को छुरिया एवं अन्य ब्लाक में में भेजा गया जबकि डोंगरगढ़ ब्लॉक के ग्राम बेलगांव, कातलवाही, कन्हारगांव, बल्देवटोला, धनडोंगरी, रामाटोला सहित अन्य स्कूलों में पद रिक्त है। उन्होंने इस बात पर आपत्ति दर्ज कराया है कि इस प्रक्रिया से स्वामी आत्मानंद स्कूल को अलग रखा गया है जबकि वहां भी शिक्षकों की आवश्यकता है। बताया कि शिक्षकों की कमी के कारण आत्मानंद स्कूलों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने सौंपे गए ज्ञापन में युक्तियुक्तकरण को समाप्त करने अथवा इसकी समीक्षा करने की अनुशंसा करने की मांग की है। इस दौरान पालिका के पूर्व अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, रेखा खोबरागड़े, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता साहू, पार्षद राहुल यादव, इंद्रपाल सिंह, शिशुपाल भारती, फिरंगी पटेल, समसाय टांडेकर, मनोज साहू, किरण मेश्राम, नरेंद्र वर्मा, कृष्णा लिल्हारे, नरेश करसे, राकेश सिन्हा, पुरुषोत्तम चेलक सहित अन्य उपस्थित थे।

### शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने का आरोप

**छुरिया।** युक्तियुक्तकरण के विरोध में ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने बीईओ कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान भाजपा सरकार पर शिक्षा के कानून, शिक्षा के अधिकार कानून की धज्जियां उड़ाने का आरोप लगाते हुए विधायक भोलाराम साहू, पूर्व विधायक छन्नी साहू, जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू ने जमकर हल्ला बोला। उन्होंने शिक्षा विरोधी नीति को वापस लेने की मांग किया। कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। बीईओ प्रशांत चिर्वतकर को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रितेश जैन, कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार सिन्हा, चुम्मन साहू, अब्दुल खान राहुल तिवारी, सतीश पटेल, कांति भंडारी, शरद चन्द्राकर, डॉ प्रकाश शर्मा, एकनाथ सिन्हा, नरेश शुक्ला, विनोद मंडलोई, अमित अग्रवाल, कन्हैया कोले, पार्षद सोनू खान, रोशन निर्मलकर, दीपक जगने, प्रकाश मोटघरे, राजिल कुरैशी, शकील कुरैशी, जावेद मेमन सहित अन्य शामिल हुए।



# रेत का बेजा खनन और भंडारण की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पेटेश्री नदी से लगे 14 गांव में रेत का अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। आधा दर्जन पंचायतों के सरपंचों ने मुनियादी करवा कर घटते जल स्तर को देखते हुए रेत के खनन पर प्रतिबंधित लगा दिया है किन्तु खनन लगातार जारी है। ग्रामीणों के अनुसार उपयोग के लिए खनन करने का अधिकार पंचायत द्वारा दिया गया है लेकिन इस छूट की आड़ में मानसून आने के पहले बड़ी मात्रा में रेत निकालकर भंडारण कर रहे है ताकि बारिश होने के बाद मंहगे में बेच सके। ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने खनिज माफिया पर कार्रवाई की मांग की है।

### ट्रैक्टर का उपयोग

खेती किसानी के नाम ट्रैक्टर खरीदने के बाद उसका उपयोग खनिज के परिवहन में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जामरी, पारागांव कला, पारागांव खुर्द, मुड़पार, कल्याणपुर, बरनाराकला, भंडारपुर, भोथली, पिनकापार, माटेकटा, चिद्दो, ग्राजमर्रा, मेढ़ा आदि गांव में सुबह से रात तक रेत का खनन कर भंडारण किया जा रहा है। इन गांव में आम बगीचों के पास बाहर से आए लोगों के द्वारा जमीनों को लीज पर लेकर लाल ईटों का निर्माण किया जा रहा है।

### गहरा रहा जलसंकट

नदी व बांधों से लगे बरनारा कला, कल्याणपुर, पिपरिया, मेढ़ा, चिददो, गाजमर्रा आदि गांव में जलस्तर घटने के साथ जल संकट खड़ा होने लगा है। जानकारी के अनुसार इन गांव में पिछले वर्ष की अपेक्षा 20 प्रतिशत से अधिक जलस्तर घट गया है।

### जल संरक्षण के लिए एससीटी निर्माण



**छुईखदान।** ग्राम पंचायत कोसमर्रा में भूजल संरक्षण के तहत एससीटी निर्माण कराया जा रहा है। इस कार्य का उद्देश्य जल संचयन और वर्षा जल का संरक्षण करना है, ताकि जलस्तर में वृद्धि हो सके। इसके निर्माण से जल संचयन और वर्षा जल का संरक्षण, क्षेत्र के जलस्तर में वृद्धि,- भविष्य में जल संकट को रोकने में मदद मिलेगी।जल संरक्षण के लिए ग्राम पंचायत कोसमर्रा में तालाब निर्माण किया जा रहा है।

# सांकरदाहरा पहुंचे अध्यक्ष नीलू शर्मा



- विकास की संभावना का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

पर्यटन मंडल के अध्यक्ष मंगलवार को मोक्षधाम सांकरदाहरा प्रवास पर पहुंचे। उनके पहुंचने पर समिति के पदाधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। श्री शर्मा ने प्रवास के दौरान साकरदाहरा का भ्रमण कर उसे पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने की संभावना को देखा। इस दौरान जिपं के पूर्व सदस्य हिरेन्द्र साहू, कैलाश शर्मा, अँजू त्रिपाठी, हिरदे देवांगन, कुमर्दा मंडल भाजपा अध्यक्ष बोधन साहू, हदयराम चन्द्रवंशी,रामकुमार गुप्ता, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता आदि मौजूद थे।पर्यटन बोर्ड के जीएम देवव्रत सिरमौर, एस दीवान आदि उपस्थित थे। इस मौके पर श्री शर्मा को समिति के अध्यक्ष कमलनारायण वैष्णव, सचिव मानदास साहू, उपाध्यक्ष दुलेश ठाकुर, हेमुराम माली, नंदकुमार साहू, नागेश्वर देवांगन, गोपाल राम साहू, पूरनलाल पटेल, भागवत साहू, कंवल साहू, जपं के पूर्व उपाध्यक्ष एकांत चंद्राकर ने साल व श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरानरामगुलाल कोर्राम, तारम निषाद, श्यामसास सिन्दराम, कगनूराम यादव, भुवन लाल साहू, महालाल निषाद, तरुण साहू, मोहनदास वैष्णव, गोवर्धन साहू, खुमान पटेल, मुरारीदास साहू, तुकाराम साहू, बालमुकुंद आदि मौजूद थे।

# जेसीबी से तालाब की खुदाई, श्रमिकों को नुकसान

## मनरेगा के कार्य की स्वीकृति पर उठ रहे सवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम पंचायत बोरतलाव में रोजगार गारंटी योजना के तहत 9 लाख की लागत से तालाब गहरीकरण स्वीकृत हुआ है। यहां मजदूरों के बजाए जेसीबी से खुदाई कराने का मामला प्रकाश में आया है। इस आशय की शिकायत मिलने के बाद कवरेज करने पहुंचे मिडिया कर्मियों को रोकने के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। उल्लेखनीय है कि रोजगार गारंटी योजना के तहत ऐसे कार्य स्वीकृत होते है जिससे श्रमिकों को रोजगार मिले किन्तु जेसीबी से खुदाई कराने से मजदुरों का हक मारा जा रहा है।

### सरपंच ने किया जानकारी से इंकार

बताया जाता है कि कार्य स्वीकृति के बाद ग्राम पंचायत और विभाग के बीच अनुबंध नहीं हुआ है। सरपंच कैलाश उईके ने बताया कि उन्हे निर्माण कार्य की जानकारी नहीं है। कुछ लोगो ने बताया कि प्रोग्राम अधिकारी एवं कम्प्युटर ऑपरेटर की सांठगांठ से रोजगार सहायक द्वारा कार्य कराया जा रहा था। मामले के खुलासे के बाद प्रोग्राम अधिकारी गड़बड़ी को स्वीकार करते हुए दोषियों पर कार्यवाही की बात कह रहे है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस शासन काल में फर्जी मस्टर रोल का मामला सामने आया था। कन्हारगांव, बोरतलाव में हुई गडबडी की जांच के लिए तत्कालीन सीईओ सीके कचलाम ने टीम गठित करते हुए जांच आदेष जारी किया था। उनके स्थानंतरण बाद मामले को दबा दिया गया।

# सड़क निर्माण के लिए प्रदर्शन आज

**तुमड़ीबोड़।** ग्राम कोपेडीह, आलीखुटा, आरगांव, बोदेला पहुंच मार्ग निर्माण की मांग को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने कल 12 जून को विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। ग्राम पंचायत कोपेडीह के सरपंच वीरसिंग और आरगांव के लिकेशकुमार गंधर्व ने एसडीएम के नाम प्रेषित ज्ञापन में बताया कि नेशनल हाईवे से लगे ग्राम कोपेडीह आलीखुटा, आरगांव, बोदेला तक 5 किमी लंबर मार्ग काफी जर्जर हो गया है। सड़क की हालत को देखते हुए 2023-24 के बजट में निर्माण का प्रस्ताव शामिल होने के बाद भी नहीं बनाया गया है। सड़क के खस्ताहाल होने से ग्रामवासियों और बच्चों को आवागमन में परेशानी होती है। दिक्कत को देखते हुए ग्रामीण सड़क की मजबूतीकरण एवं डामरीकरण की मांग विगत 10 वर्षों से कर रहे है। प्रशासन की अनदेखी के चलते ग्रामीणों ने कल 12 जून को कोपेडीह चौक पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

# आकाशीय बिजली गिरने से श्रमिक की मौत



**छुरिया।** केला बाड़ी में कार्यरत मजदूर आकाशीय बिजली की की चपेट में आ गया। घायल मजदूर को छुरिया अस्पताल लाया गया जहां प्रारंभिक उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी अनुसार आमगांव स्थित बग्गा केला बाड़ी में कार्यरत मजदूर भागवत यादव पिता दुकल्हा यादव निवासी बोरई जिला दुर्ग रोज की भांति कार्य कर रहा था। इसी दौरान तेज आंधी-तूफान के साथ आकाशीय बिजली गिरने से वह उसकी चपेट में आकर घायल हो गया । उसे 108 की मदद से छुरिया अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। श्रमिक की मौत की खबर मिलने के बाद जीवन दीप समिति की बैठक में उपस्थित विधायक भोलाराम साहू ने परिजनों से मिलकर शोक जताया। उन्होंने एसडीएम श्रीकांत कोर्राम को आरबीसी के तहत प्रकरण तैयार कर मुआवजा देने के निर्देश दिया।

### निधन



### द्वारका नाथ

**डोंगरगढ़।** रिटायर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी और कल्याणपुर निवासी द्वारकानाथ खोबरागडे का 10 जून को स्वर्गवास हो गया है। उनका अंतिम संस्कार कल्याणपुर में 11 जून को किया गया। वह दीपेश, करूणा, वर्षा एवं श्वेता के पिता थे।

### नौतपा के बाद मौसम में आया बदलाव, अब बारिश का इंतजार

# उमस, बिजली कटौती से बढ़ी लोगों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नवतपा और पंचक समाप्ति के बाद उमस भरी गर्मी ने दस्तक दे दी है। वहीं समय-बेसमय होने वाली बिजली कटौती ने जनता की परेशानी बढ़ा दिया है। शाम को मौसम में बदलाव और यदा-कदा बारिश होने के कारण उमस में इजाफा हुआ है। पहले गर्म हवा चलती थीं, वहीं अब हवा का चलना बंद हो गया है, जिससे बिजली गुल होने पर लोगों को न घर और न बाहर चैन मिल रहा है। बिना पूर्व सूचना के हो रही बिजली कटौती एक गंभीर समस्या बन गई है, जिसके कारण लोग पंखे और कूलर का भी इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं।

### ओवरलोड की समस्या

पक्के मकान बनने के साथ बिजली की खपत भी बढ़ी है। लोग मकानों में रोशनी के लिए अधिक लाइट लगाने के साथ गर्मी से राहत के लिए एक से अधिक कूलर का उपयोग करने लगे है। आर्थिक रूप से संपन्न लोगों के घरों में ठंडी हवा के लिए एसी लगवाया गया है। कुछ लोग हुकिंग कर बिजली की चोरी कर रहे है जिसके कारण ओवरलोड की समस्या बनी हुई है।



### सुधार का प्रयास

बिजली कंपनी गंडई के जेई हरिप्रसाद जंघेल ने बताया कि ओवरलोड की समस्या बनी है। कभी तार टूट जाता है तो कभी केबल। कभी-कभी डीओ पर आकाशीय बिजली गिर जाती है। अधिकतर परेशानी रात को आती है जिसे वैकल्पिक व्यवस्था कर सुधारा जाता है और फिर दिन में मरम्मत किया जाता है जिसके कारण बिजली गुल की समस्या बनी है।

### पक्के निर्माण और पेड़ों की कटाई से बढ़ा तापमान

क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में प्रधानमंत्री आवास योजना और निजी खर्च के चलते लगभग 90 प्रतिशत कच्चे घर पक्के हो गए है। नगर के सभी मार्ग भी पक्की सड़कों में बदल गए हैं, जिसके कारण तापमान में वृद्धि हुई है। वहीं नगर से सटे भड़भड़ी के जंगल में लगातार अवैध कटाई के चलते वृक्षों की संख्या में कमी आई है, जिसने तापमान में भी बदलाव आया है। बढ़े तापमान से राहत पाने के लिए लोग पंखे, कूलर और एसी का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन समय-बेसमय बिजली गुल होने पर उन्हे राहत नहीं मिल रही है।

# खाद की किल्लत, बीज के दाम भी बढ़े

## दुकानों में अधिक दाम पर बिक रही खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

मानसून के आने तथा फसल बुआई के लिए अभी सप्ताह भर से अधिक का समय है। सभी सोसायटीयों में खाद का उठाव शुय हो गया है किन्तु सोसायटियों में डीएपी और यूरिया खाद की किल्लत बनी हुई है।

जानकारी अनुसार सोसायटियों ने पंजीकृत किसानों की संख्या एवं रकबा के आधार पर खाद की डिमांड भेजा था किन्तु मांग के अनुसार खाद नहीं पहुंच रही है जिससे किसानों को लिमिट से खाद वितरण किया जा रहा है। सोसाटियों में डीएपी और यूरिया खाद का टोटा है, जबकि दुकानों में सभी खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जिसकी कीमत सौ रूपये अतरिक्त बताया जा रहा है। किसानों को सोसायटी से पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिलने से परेशानी हो रही है।



### बीज की कीमत बढ़ी

किसानों ने बताया के खाद के अलावा खरीफ फसल के बीजों की समस्या है। धान, सोयाबीन की कीमत में 20 से 35 फीसदी तक बढ़ोतरी हो गई है जिससे उत्पादन लागत काफी बढ़ जाएगी। इधर मजदूरों की मजदूरी, खेत की जुताई की कीमत बढ़ने से किसानों को मिलने वाले लाभ में कमी आने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### 43 लोगों ने किया रक्तदान

**राजनांदगांव।** बालाजी ब्लड सेंटर राजनांदगांव द्वारा निःशुल्क विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत पारीकला में किया गया। लगभग 43 लोगों ने रक्तदान महादान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी रक्तदाता को बालाजी ब्लड सेंटर राजनांदगांव द्वारा निःशुल्क हेलमेट दिया गया।



### निःस्वार्थ ठंडा जल वितरण सेवा जारी

**राजनांदगांव।** निःस्वार्थ ठंडा जल वितरण सेवा समिति द्वारा विगत 11 वर्षों से रेल यात्रियों का स्वागत कर उन्हें निःस्वार्थ ठंडा जल वितरण सेवा गर्मी के दिनों में प्रतिवर्ष अप्रैल, मई व जून माह में किया जा रहा है। समिति के मुख्य संयोजक सौरभ खंडेलवाल व योगेश साहू एवं मुख्य प्रभारी महेश शर्मा ने बताया कि उक्त सेवा निरंतर चार संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। उक्त सेवा में शहर के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी संस्थाएं, सामाजिक संस्स्थाएं अपना सहयोग करती है। साथ ही रेलवे के अधिकारी-कर्मचारियों का भी योगदान प्राप्त हो रहा है। वहीं रेल यात्रियों द्वारा भी समिति के कार्य की सराहना की जा रही है। उक्त जानकारी निःस्वार्थ ठंडा जल वितरण सेवा समिति के मुख्य संयोजक सौरभ खंडेलवाल एवं प्रचार प्रमुख रितेश यादव ने दी।



### म्यूजिक कंपोज करने का बनाया विश्व रिकार्ड

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल के संगीत शिक्षक टी. विशाल ने एक सप्ताह में 76 गाने कंपोज करने का विश्व रिकार्ड बनाया। उन्हें लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड ने सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया है। उन्हें विद्यालय के वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, नरेंद्र कोटड़िया, प्राचार्य मधुसूदन नायर, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह और शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर टी. विशाल ने कहा कि यह युगांतर के स्टॉफ का सम्मान है। एक सप्ताह में प्राप्त यह उपलब्धि अनायास ही आप सभी की शुभाशीष से प्राप्त हुई है। उन्होंने शुभाशीष प्रदान करने के लिए प्राचार्य, प्रबंध समिति व शिक्षकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।



### कलेक्टर ने सुनी शिकायत एवं समस्याएं

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने 3 जून को साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से जिला कार्यालय पहुंचे नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। कलेक्टर डॉ. भुरे ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य यहां आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण करते उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, नक्शा बटांकन, ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त करने, आर्थिक सहायता, आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने, अतिक्रमण हटाने सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर डॉ. भुरे ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, एसडीएम खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### अहिल्याबाई होल्कर ने सुशासन की नई परिभाषा दी

**राजनांदगांव।** जिला भारतीय मजदूर संघ की स्थानीय इकाई ने आज महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाई। भामसं के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने बताया कि समारोह को संबोधित करते छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा ने कहा कि अहिल्याबाई ने भारतीय संस्कृति के पुर्नस्थापना के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किया।

वे देश के जीर्ण-शीर्ण पड़े प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों का पुर्ननिर्माण कराया। शासन किस तरह से चलाया जाए, जनता से प्राप्त हो रहे टैक्स का जनहित में किस तरह से उपयोग किया जाए, विकास कार्य लोगों के हित में किस तरह से हो, इसकी नई परिभाषा गढ़ी थी। वे अपने शासनकाल में धार्मिक स्थलों का पुर्ननिर्माण तो किया ही। साथ ही पारदर्शी व विकासोन्मुखी शासन चलाने की परंपरा को भी स्थापित किया।

## पेज 11 का शेष

### शालीमार एक्सप्रेस से...

जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात उसकी स्थिति को गंभीर देखते उसे पेंड्री मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रेफर किया गया। सूचना प्राप्त होते ही मंडल सुरक्षा आयुक्त दीपचंद आर्य के मार्गदर्शन में रेल सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव प्रभारी निरीक्षक तरुणा साहू ने स्टॉफ के सदस्यों को अस्पताल भेजा, जहां से रायपुर रिफर किया गया।

### देव स्नान के बाद....

देव स्नान कराया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। स्नान के पश्चात उन्हें मंदिर में विश्राम करने के लिए पट बंद कर दिया गया। भगवान के स्वस्थ होने पर 27 जून को भगवान जगन्नाथ, बलराम एवं सुभद्राजी रथ में सवार होकर शहर भ्रमण पर निकलेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त शामिल होंगे। मंदिर समिति के गोलू नायक ने बताया कि इस वर्ष रथयात्रा पर बलागीर से बाजा मंगवाया गया है। उड़ीसा पैटर्न पर रथयात्रा निकलेगी। रथयात्रा के लिए आगामी दिनों से भव्य रथ निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इधर शहर के अन्य जगन्नाथ मंदिरों से भी 27 जून को परंपरागत ढंग से भगवान जगन्नाथजी की रथयात्रा निकाले जाने की तैयारी है। इस माह पड़ने वाले इस पर्व को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। वहीं भक्तों के बीच रथयात्रा में भगवान का रथ रस्सी से खींचने की भी उत्सुकता बनी हुई है।

## साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आयोजित

# राजस्व प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कहा कि राजस्व प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करने की जरूरत है। उन्होंने इसके लिए शिविर लगाकर राजस्व प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 4 से 14 जून तक तहसील कार्यालयों में आयोजित तहसील स्तरीय राजस्व शिविर में अविवादित नामांतरण, अविवादित बंटवारा, त्रुटि सुधार, सीमांकन, डायवर्सन, आरबीसी 6-4, किसान किताब, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, अतिक्रमण हटाए जाने से संबंधित राजस्व प्रकरणों का सक्रियता एवं तत्परता से निराकरण करना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर प्रशिक्षु डीएफओ अभिषेक अग्रवाल, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगांव मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगढ़ श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




### अधिक से अधिक लोगों को कराएं लाभांवित

कलेक्टर डॉ. भुरे ने कहा कि स्कूलों के प्रारंभ होने के पहले लोक निर्माण विभाग, हाऊसिंग बोर्ड, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग स्कूलों के मरम्मत कराने का कार्य कर लें। उन्होंने किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड बनाने लीड बैंक मैनेजर, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित एवं कृषि विभाग को इस कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान कार्ड एवं आयुष्मान वय वंदन योजना के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने कहा। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में ब्लाकिंग कम है, वहां इसे बढ़ाने की जरूरत है, ताकि शासन की योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड से क्लेम प्राप्त कर सकें।

### स्वच्छता हेतु मॉडल के लिए गांव चिन्हांकित

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने बताया कि जिले में स्वच्छता हेतु मॉडल के लिए पांच गांव को चिन्हांकित किया गया है और इसके लिए प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण के लिए तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण हेतु इको क्लब को जागरूक करना है।

### कराएं मुनादी

उन्होंने शिविर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, कोटवार को उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व शिविर के संबंध में जानकारी देने मुनादी कराने कहा। कलेक्टर ने कहा कि बारिश को ध्यान में रखते जिले में सघन पौधरोपण करने आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करें। इसके साथ ही पौधों की देखभाल करना भी आवश्यक है। वन विभाग से पौधे प्राप्त कर पौधे लगाएं जाएगें। साथ ही कृषि, उद्यानिकी, नगर निगम एवं अन्य सभी विभाग आपस में समन्वय करते पौधरोपण के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने शासन की महती योजना प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए जनमानस को पंजीयन करने हेतु प्रोत्साहित करने कहा। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों को 78 हजार रुपए तक अनुदान मिलेगा और बिजली बिल में कमी आएगी। उन्होंने बड़ी कालोनी में इस योजना के तहत सोलर प्लांट लगाने प्रेरित करने कहा। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस योजना के क्रियान्वयन के लिए कार्य करें।

## नवीन राशन दुकान का भव्य शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

नगर पालिका परिषद खैरागढ़ के पिपरिया वार्ड में एक नवीन राशन दुकान का शुभारंभ किया गया। इस राशन दुकान का उद्घाटन केसीजी जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उद्घाटन अवसर पर विक्रांत सिंह ने कहा कि पिपरिया वार्डवासियों को अब राशन के लिए अन्य वार्ड या दुकानों में भटकना नहीं पड़ेगा। यह दुकान लोगों की सुविधा और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खोली गई है, जिससे अब सुलभ और समय पर राशन वितरण सुनिश्चित हो सकेगा।

इस कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका की अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, विकेश गुप्ता, कृष्णा वर्मा, विनय देवांगन, कमलेश कोठले, आयश सिंह, रूपेंद्र रजक, मोनिका रजक, देवीन बाई कोठले, कीर्ति वर्मा, नंद चंद्राकर, चेतन निषाद, गिरवर पटेल, शैलेन्द्र वर्मा, हर्षवर्धन वर्मा, देवकरण वर्मा, राजेश देवांगन सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

### योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं

विक्रांत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही हमारा संकल्प है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और नगर पालिका के सहयोग से वार्ड की अन्य समस्याओं के समाधान के लिए भी सकारात्मक प्रयासों का आश्वासन दिया।

### तीन महीने का राशन वितरण

इस अवसर पर राज्य सरकार की योजना के अंतर्गत तीन महीने का एकमुश्त चावल वितरण किया गया। विक्रांत सिंह ने स्वयं हितग्राहियों को चावल तौलकर वितरण कर कार्यक्रम की शुरुआत की और इस पहल के लिए राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तीन महीने के चावल एकमुश्त मिलने से बरशात के समय हितग्राहियों को परेशानी न हो इसके लिए सरकार एकमुश्त चावल वितरण कर रही है जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए एक बड़ी राहत है।

## सदगुरु कबीर जयंती पर आयोजन आज

**राजनांदगांव।** सदगुरु कबीर साहेब की 626वीं जयंती अवसर पर शांतिनगर स्थित श्री सत्य कबीर बैठक के तत्वावधान में कल 12 जून को सदगुरु कबीर सत्संग भवन पुराना ढाबा में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जयंती समारोह अवसर पर सुबह 8.30 से 9.30 बजे तक गुरु महिमा पाठ होगा और सुबह 11 बजे से भजन-कीर्तन व प्रवचन का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर महंत रामदास सिरपुर वाले द्वारा संगीत के माध्यम से माया मरी न मन मरा, मर मर गया शरीर। आशा तृष्णा न मरे, कह गए साहेब कबीर, विषय पर विचार गोष्ठी होगी। समिति के संयोजक धरमदास मानिकपुरी, अध्यक्ष थानेश्वर दास मानिकपुरी एवं सचिव अंकित दास मानिकपुरी ने बताया कि दोपहर 12.30 से महंत रामदास साहेब एवं महंत रामेश्वर दास साहेब के संयुक्त भजन मंडली द्वारा चौका आरती एवं आदर्श विवाह संपन्न किया जाएगा। इसके बाद प्रसाद वितरण, महाप्रसादी भोजन भंडारा के साथ आयोजन का समापन होगा।

## महाराष्ट्रीयन तेली समाज ने कलेक्टर से की मुलाकात

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्दु भुरे से महाराष्ट्रीय तेली समाज ने भेंट-मुलाकात कर पुष्पगुच्छ व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी स्वर्ण जयंती पर प्रकाशित सामाजिक पुस्तिका प्रतिभा की प्रति भेंट की। सामाजिक सदस्यों ने कलेक्टर को स्टेशनपारा स्थित सामाजिक भवन परिसर पर स्थापित समाज के संत संताजी जगनाडे महाराज का दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु आगामी आयोजन गुरू पूर्णिमा उत्सव में आमंत्रित किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष राजेश समरीत, उपाध्यक्ष संतोष समरीत, कोषाध्यक्ष चंद्रभूषण गायधनी, सदस्य अरुण आंबिलकर, अनिल मानकर, बसंत समरीत, धनंजय साकुरे, अजय वाघमारे, युवा मंडल अध्यक्ष प्रकाश समरीत, अभिषेक गिरेपुंजे, महिला मंडल सदस्य रोहिणी समरीत व अन्य सामाजिक सदस्य उपस्थित थे।

## कथा सुनने से होती है मोक्ष की प्राप्ति : संत



**राजनांदगांव।** शहर के सिंधु भवन लालबाग में संत शिरोमणि सांई लाल दास का आगमन पर समाज के लोगों द्वारा भव्य स्वागत कर आशीर्वाद लिया गया। तत्पश्चात झूलेलाल मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। झूलेलाल कथा के पहले दिन श्री झूलेलाल मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई, जो वार्ड भ्रमण पश्चात वापस सिंधु भवन पहुंची।

पूज्य सिंधी पंचायत के मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता अशोक पंजवानी ने बताया कि कथा के आरंभ में सांई लाल दास ने कथा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि जिस किसी व्यक्ति का नवग्रह ठीक नहीं है अथवा कोई ग्रह परेशान कर रहा हो, शनि या साढ़े साती हो, भगवान झूलेलाल की कथा सुनने से ग्रह शांत हो जाते हैं। सांई ने बताया कि चारों धाम की यात्रा करने से सौ तीर्थों का फल मिलता है। इस कथा को सुनने से फल प्राप्त होता है, जो श्रद्धालु भगवान श्री झूलेलाल की कथा को ध्यान से सुनता है, उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है।

इस अवसर पर आवतराम तेजवानी, ब्रम्हानंद बजाज, अर्जुनदास पंजवानी, गुरूमुख दास वाधवा, लोकचंद लहरवानी, गिरधारी तलरेजा, राजा माखीजा, दौलतराम चंदानी, हरीश मोटलानी, हुंदलराम मनकानी, सुनील लेखवानी, राम रूचंदानी, अखिल अंदानी, संदीप सहेवानी, जयपाल मंगवानी, अमित गिडवानी, गौरव आहूजा, जय पंजवानी, सूरज पंजवानी, तरूण आहूजा, कमलेश मोटवानी, कन्हैया तलरेजा, रोहित माखीजा, विजय परियानी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## बिजनेस प्लस

### एनबीआईएस बोरी में प्रवेश प्रारंभ

**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी विगत नौ वर्षों से शैक्षणिक कार्य हेतु संकल्पित है। इसी कड़ी में नए शिक्षा सत्र 2025-26 में अपने नए कलेवर के साथ उपस्थित है। संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी ने बताया कि इस वर्ष नए शिक्षा सत्र से शाला में फिजिक्स वाला की नियमित कक्षाएं जारी है। जिसमें कक्षा आठवीं से बारहवीं तक बच्चों को नियमित पढ़ाई के साथ आईआईटी, जेईई व नीट के फाउंडेशन कोर्स कराए जा रहे हैं। आठवीं, नवमी व दसवीं में फाउंडेशन कोर्स तथा 11वीं, 12वीं में आईआईटी, जेईई, नीट की तैयारी भी करायी जाएगी। पीडब्ल्यू की कक्षाओं में प्रवेश लेने हेतु विशेष छूट भी संस्था द्वारा दिया जा रहा है। विशेषकर कक्षा दसवीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को पीडब्ल्यू की फीस में 25 प्रतिशत तथा संस्था के प्रवेश शुल्क में 100 प्रतिशत की छूट है। इसी तरह 80 से 90 प्रतिशत प्राप्त होने पर पीडब्ल्यू की फीस में 25 प्रतिशत तथा प्रवेश शुल्क में 75 प्रतिशत की छूट है। 70 से 80 प्रतिशत प्राप्त विद्यार्थियों को पीडब्ल्यू की फीस में 25 प्रतिशत तथा प्रवेश शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट दी गई है। पीडब्ल्यू की कक्षाएं हेतु भिलाई से विशेष शिक्षक शाला में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। पीडब्ल्यू की कक्षाएं हेतु सीमित सीटें हैं। 11वीं में गणित, विज्ञान, वाणिज्य के साथ इस वर्ष से कला संकाय (आर्ट्स) को भी पालकों की विशेष मांग पर जोड़ा गया है। अनुभवी दक्ष शिक्षकों द्वारा शैक्षणिक कार्य को गति दी जा रही है।




## म्यूल एकाउंट पर कार्रवाई एक खाताधारक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

म्यूल एकाउंट के मामले में जांच पड़ताल कर रही पुलिस ने म्यूल एकाउंट से संबंधित खाता धारक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस मुख्यालय रायपुर का ईमेल आईडी से प्राप्त ईमेल के अवलोकन पर पाया कि एक्सीस बैंक के खाता धारक द्वारा छलपूर्वक एवं सायबर अपराध से प्राप्त धोखाधड़ी से प्राप्त कुल धनराशि 7 लस,स 77,599 रुपए राशि को छुपाने एवं उपयोग किया गया है। रिपोर्ट पर अपराध धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111, 3(5) बीएनएस का अपराध घटित होने पर प्रथम दृष्टया अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

प्रकरण के विवेचना के दौरान जानकारी प्राप्त हुआ कि आरोपी तौहिद खान पिता हफीज खान 25 साल निवासी तुमडीबोड द्वारा के खाता से उक्त ठगी रकम उसके खाता में ट्रांसफर हुआ है। सूचना पर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया, जो जुर्म करना स्वीकार किया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के दौरान पाए गए तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर छत्तीसगढ़ के अलावा विभिन्न राज्यों में सक्रिय म्यूल एकाउंट प्रोव्हाईड करने वाले गिरोह की पतासाजी की जा रही है।

## जितेंद्र ने किया पक्षी बचाओ अभियान का आगाज

**राजनांदगांव।** प्रकृति प्रेमी जितेन्द्र मानसिंह साहू ने जन्मदिवस पर पक्षी बचाओ अभियान का आगाज किया। श्री साहू ने कहा कि जिसकी जैसी नियत है, वो वैसी कहानी रखते हैं। कोई परिंदों के लिए बंदूक तो कोई सकोरे में परिंदों के लिए पानी रखता है। आज-कल पक्षी कम होने के कई कारण हैं। इनमें से मुख्य कारण है मानव गतिविधियां जैसे जंगलों की कटाई, प्रदूषण, आक्रामक प्रजातियां और जलवायु परिवर्तन। जलवायु परिवर्तन से पक्षियों के आवास और भोजन पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है और कुछ प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर है। इस बीच छात्र युवा मंच संयोजक नागेश यद्दु, सहसंयोजक चंद्रभान जंघेल, प्रदेश प्रमुख माधव साहू, प्रदेश अध्यक्ष लोकेश बारापात्रे, महामंत्री भागवत वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश साहू आदि शामिल रहे।

## निगम का आयोजन : पर्यावरण की रक्षा के लिए दिलाई शपथ

# महापौर ने आनंद वाटिका में किया वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

नगर निगम द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर आनंद वाटिका में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महापौर मधुसूदन यादव ने एक पेड़ मां के नाम कदम का पौधा लगाकर पर्यावरण की रक्षा के लिए शपथ दिलाया। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर ही आज पौधा नहीं लगाना है, बल्कि हर अच्छे दिन पौधे लगाकर उसकी रक्षा करनी है। एक पेड़ मां के नाम लगाने का शासन का उद्देश्य हम सबको भावनात्मक रूप से जोड़ना है। चूंकि मां के नाम पेड़ लगाएंगे तो उसकी रक्षा और कर्तव्य का बोध होगा और उसे हर साल बढ़ते हुए देखेंगे तो जीवन में खुशहाली आएगी और मां का आशीर्वाद मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हमसे पहली पीढी ने जो पौधे लगाए हैं, उसका फल हम आज पा रहे हैं, उसी प्रकार आज हम जो पौधे लगाएंगे उसके लिए हमारी आने वाली पीढ़ी हमको धन्यवाद देगी।



आनंद वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में महापौर सहित टोपेन्द्र सिंह, अतुल विश्वकर्मा, सावन वर्मा, शैकी बग्गा, राजा माखीजा, वर्षा सिन्हा, केवरा राय, शरद सिन्हा, विजय राय, गुरूमुखदास वाधवा, पंकज कुरंजेकर, यूके रामटेके, संजय वर्मा व प्रणय मेश्राम ने बरगद, पीपल, कदम, गुलमोहर, जामुनिया, मोहगनी एवं स्कोथोडिया प्रजाति के 42 पौधे रोपित किए।

पौधरोपण के पश्चात महापौर यादव ने पर्यावरण की रक्षा के लिए पृथ्वी और उसके प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करने की कोशिश करने, सिंगल यूज प्लास्टिक समाग्री का उपयोग नहीं करने, प्लास्टिक बैग की जगह पेपर बैग और कपड़े के बैग का इस्तेमाल करने, पर्यावरण की सफाई का ध्यान रखने, कम से कम कचरा करने, ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने तथा उर्जा और पानी का संरक्षण करने शपथ दिलाई।

### सब मिलकर करेंगे कार्य

महापौर यादव ने कहा कि हमारा राजनांदगांव शहर हराभरा रहे और पर्यावरण की दृष्टि से बेहतर हो, इस दिशा में हम सब मिलकर काम करेंगे। उन्होंने नागरिकों एवं समाजसेवियो, महिला समूहों से अपील की है कि अपने घर एवं आसपास तथा रिक्त भूमि में पौधे लगाए और उसकी देखभाल करें, क्योकि सभी के सहयोग से ही हम पर्यावरण संरक्षण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शहर के विभिन्न स्थानों में इस वर्ष लगभग 7 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है, जो बिना जनभागीदारी के संभव नहीं है।

## विकास कार्यों का भूमिपूजन आज

**राजनांदगांव।** नगर निगम द्वारा शासन स्वीकृति अनुसार वार्डों में विभिन्न विकास कार्य कराए जाते हैं। इसी कड़ी में वार्ड नं. 22 व 45 में स्वीकृत कार्य के तहत सीमेंट कांक्रिटींग रोड़ निर्माण तथा सामुदायिक भवन निर्माण के लिए कल 12 जून को महापौर मधुसूदन यादव भूमिपूजन करेंगे। विकास कार्य के तहत वार्ड नं. 45 में विकास कार्य कराने दोपहर 12 बजे अटल आवास के पास सामुदायिक भवन एवं जीवन कालोनी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए महापौर यादव द्वारा भूमपूजन किया जाएगा। इसी कड़ी में वार्ड नं. 22 के लिए स्वीकृत कार्यों में सीमेंट कांक्रीटिंग रोड निर्माण तथा अनुपम नगर उद्यान में व नीलगिरी पार्क में शिव मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए वार्डवासियों की उपस्थिति में दोपहर 12.30 बजे अनुपम वाटिका अनुपम नगर में भूमिपूजन करेंगे।

# आज ही लाए अपने सपनों का ट्रैक्टर जॉन डियर ट्रैक्टर

JOHN DEERE

जिंदगी का बेस्ट डिसिज़न!™

## जॉन डियर ट्रैक्टर वाजिब दाम में उपलब्ध

## सस्ता नहीं अच्छा लो

नया PowerTech™
5310 57HP 42kW
GearPro™
12F+4R

TremIV




जॉन डियर का वादा
5 साल की वारंटी*
टेक्नोलॉजी लीडरशिप

GearPro™ विस्तृत गती श्रेणी
उच्च बैक अप टॉर्क
LiftPro अधिक लिफ्ट क्षमता

जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध

जॉनसन थ्रेसर एवं नीरज सीड ड्रिल उपलब्ध

वंदना ट्राली के अधिकृत विक्रेता

अधिकृत विक्रेता - **जैन मोटर्स** स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़

ब्रांच :- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर्स के बाजू में, राजनांदगांव 9827953976

अंबागढ़ चौकी 8103024569 | मानपुर 8959179777 | चिचोला | गण्डई

संपर्क - 9977184777, 8120006476, 9406011166 सर्विस 8120006480, 8120001601

### विजय शर्मा कवर्धा व कारेसरा में आयोजित श्री सद्गुरु कबीर प्राकट्य उत्सव में हुए शामिल

# सद्गुरु कबीर की वाणी व विचार आज भी समाज के लिए हैं प्रेरणास्रोत: उपमुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा बुधवार को जिले के ग्राम कारेसरा एवं लोहारा रोड स्थित कबीर कुटी कवर्धा में आयोजित श्री सद्गुरु कबीर प्राकट्य उत्सव में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने श्री सतगुरू कबीर साहब के तैलचित्र में पूजा-अर्चन, पुष्प अर्पण कर बंदगी किया। उन्होंने श्रद्धा के साथ सतगुरु के आदर्शों को नमन करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सहित विशेष रूप से जिले की शांति, समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना की।

इस दौरान उन्होंने कवर्धा के सद्गुरु कबीर युवा मानिकपुरी पनिका समाज भवन में निर्माण कार्य और ग्राम कारेसरा में कबीर कुटी के लिए 10 लाख रुपए, वार्ड नंबर 6 में 6 लाख रुपए का सामुदायिक भवन और 6 लाख रुपए का सीसी रोड निर्माण की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सद्गुरु कबीर साहेब का जीवन-दर्शन और उनका चिंतन आज के समाज में भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना सदियों पूर्व था।

वे न केवल एक संत थे, बल्कि सामाजिक सुधारक, जन-चेतना के वाहक और आध्यात्मिक क्रांति के अग्रदूत भी थे। उनकी वाणी में सामाजिक विषमता, पाखंड और अंधविश्वास के विरुद्ध गहरी चेतना दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि कबीर साहेब के विचार जात-पात, धर्म, भाषा और वर्ग से ऊपर उठकर समूची मानवता को जोड़ने का कार्य करते हैं।

## सद्गुरू कबीर की शिक्षाएं सामाजिक समरसता की नींव: विजय शर्मा



उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में जब समाज कई प्रकार की चुनौतियों से गुजर रहा है, तब सद्गुरु कबीर साहेब की शिक्षाएं हमें सद्भाव, सहयोग और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। इस गरिमामय अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी, कबीरपंथीय संत समाज, विभिन्न सामाजिक संगठन, ग्रामीणजन एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन समिति द्वारा उपमुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्हभेंट किया गया। श्री शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बलौदाबाजार,भाटापारा जिले के सिमगा तहसील अंतर्गत दामाखेड़ा में आयोजित संत समागम समारोह मांघी मेला में सम्मिलित होकर दामाखेड़ा का नाम कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा नाम किए जाने की घोषणा की थी। जिस पर अमल करते हुए मंत्री परिषद की बैठक में प्रस्ताव लाकर ग्राम पंचायत दामाखेड़ा का नाम कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा किया गया। वहीं कबीरधाम जिले के कवर्धा तहसील के ग्राम पंचायत गदहाभाठा का नाम परिवर्तन कर ग्राम पंचायत सोनपुर तथा बोड़ला तहसील के ग्राम पंचायत चण्डालपुर का नाम परिवर्तन कर ग्राम पंचायत चदंनपुर किया गया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि कबीर साहेब ने जीवनभर सादा जीवन, उच्च विचार और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया, जिसे हम सभी को आत्मसात करना चाहिए। उपमुख्यमंत्री ने ग्रामवासियों, श्रद्धालुओं एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा किसानों, युवाओं, महिलाओं, अनुसूचित जाति-जनजाति एवं कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे इन योजनाओं का लाभ लें और अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएं।



# ग्रापं पोंड़ी में तेज आंधी तुफान ने बरसाई कहर

- ग्रामीण का घर क्षतिग्रस्त, सामान की भारी नुकसान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶पोंड़ी

मंगलवार को शहर सहित क्षेत्रों में लगभग 4 बजे अचानक तेज आंधी तुफान के साथ हुई हल्की बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। वहीं बोड़ला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत पोंड़ी में विशालकाय पेड़ घर के छप्पर पर गिरने से घर क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणो से मिली जानकारी के अनुसार पोंड़ी वार्ड क्रं 04 में ग्रामीण तीरथ निषाद के घर के छप्पर में विशालकाय पेड़ गिरने से बड़ा हादसा व अप्रिय घटना होते-होते टल गया। मंगलवार को हुई तेज आंधी तुफान व हल्की बूंदाबांदी से ग्रामीण तीरथ निषाद के घर के छप्पर पर वर्षो पुरानी पीपल का पेड़ गिरने से ग्रामीण तीरथ निषाद का घर क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होने बताया कि जब विशालकाय पीपल का पेड़ गिरा उस समय बच्चे घर से बाहर होने के कारण परिवार में अप्रिय घटना होते-होते टल गया, लेकिन इस तेज आंधी तुफान से ग्रामीण तीरथ निषाद का घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त व घर में रखे समान जैसे गैस-चूल्हा, बर्तन, सिलाई मशीन, कुछ इलेक्ट्रानिक सामान की भारी नुकसान हुई है।

**खबर संक्षेप**

### सामुदायिक भवन निर्माण कार्य में गुणवत्ताहीन मटेरियल का उपयोग



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत छितापार में लाखों रूपए की लागत राशि से सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य ग्राम पंचायत के समुचित विकास के लिए सौंगात मिली है। लेकिन ग्राम पंचायत सरपंच व सचिव के मिली-भगत से घटिया व गुणवत्ताहीन मटेरियल का उपयोग कर सामुदायिक भवन निर्माण कार्य किया जा रहा है। साथ ही साथ ग्राम पंचायत छितापार में सरपंच व सचिव द्वारा निर्माण कार्य की सूचना बोर्ड नही लगाया है। छितापार में सामुदायिक भवन की लागत 10 लाख रुपए से निर्माण किया जा रहा है। जिस पर स्थानीय ग्रामीणों नें शासन प्रशासन व विभागीय अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा घटिया व गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य पर जांच कर कार्यवाही की मांग की गई।

# समाधान शिविर में शिकवा-शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं

## दसवीं पास कर चुके छात्र-छात्राएं एक बार फिर दुविधा में फंसे




हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव स्थित शासकीय हाई स्कूल में उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं की समस्या खत्म होने का नाम ही नही ले रहा। वहीं विद्यार्थियों की समस्या व परेशानियों को देखते हुए ग्रामीणों व पालक गण द्वारा समाधान शिविर के माध्यम से क्षेत्र के जिम्मेदारों व जनप्रतिनिधियों को शिकवा-शिकायत कर कोलेगांव स्थित शासकीय हाई स्कूल को हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल में उन्नयन किए जाने की मांग की गई ताकि शासकीय हाई स्कूल उत्तीर्ण हो चुके विद्यार्थियों को राहत व सुविधा मिल सकें। लेकिन कई बार शासन प्रशासन से शिकायत के बाद भी मांग अधूरी है।

वहीं कक्षा दसवी उत्तीर्ण कर चुके छात्र छात्राएं एक बार फिर दुविधा में नजर आ रहे है। स्थानीय निवासी दिनेश पाण्डेय ने बताया कि लगातार शासकीय हाई स्कूल को हॉयर सेकेण्डरी स्कूल की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन अभी तक जिम्मेदारो व जनप्रतिनिधियों द्वारा मांग को अनदेखा व गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। जिससे अध्ययनरत छात्राओं की परेशानी दोगुनी हो चुकी है। मिली जानकारी के अनुसार पालक गण एवं ग्रामवासियों ने यही उम्मीद के साथ सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर में शासकीय हाई स्कूल को हॉयर सेकेंण्डरी में उन्नयन करने मांग किया गया, ताकि विद्यार्थियों को सुविधा के साथ शिक्षा मिल सकें लेकिन अभी तक जनप्रतिनिधियों द्वारा ऐसा कुछ आश्वासन नहीं मिला है।

### शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के कगार पर

यहां बताना लाजिमी होगा कि शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के कगार पर है। ऐसे में छात्र-छात्राओं की चिंता और बढ़ गई है। आखिरकार शासकीय हाई स्कूल को हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल में कब उन्नयन होगा, सुशासन तिहार समाधान शिविर में शिकवा-शिकायत कर आवेदक दिया गया जिस पर क्या कार्यवाही व उचित समाधान मिलेगा या सिर्फ और सिर्फ समाधान शिविर नाम का रह जाएगा। जिस पर स्थानीय ग्रामीणों व पालक गण द्वारा शासन प्रशासन से मांग कर शासकीय हाई स्कूल कोलेगांव को हॉयर सेकेंण्डरी में उन्नयन किया जाए ताकि छात्र-छात्राओं को शिक्षा का लाभ मिल सके।

### जयेंद्र जायसवाल महामहिम राज्यपाल के हाथों सम्मानित



**हरिभूमि पाण्डातराई।** नगर पंचायत पाण्डातराई के छात्र जयेंद्र जायसवाल दसवीं बोर्ड परीक्षा में राज्य में चतुर्थ स्थान उत्तीर्ण होने पर छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल रमेन डेका के द्वारा रायपुर में छात्र जयेंद्र जायसवाल को सम्मानित किया गया। जिस पर महामहिम राज्यपाल के हाथों सम्मानित होने पर छात्र के परिजनों व ईष्ट मित्र में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है। वहीं राज्यपाल के हाथों सम्मानित होने पर नगर पंचायत पाण्डातराई वासियों नें गर्व महसूस किया।

# प्रतिभावान छात्र-छात्राओं व सेवानिवृत्त कर्मचारियों का किया गया सम्मान

- शाल, श्रीफल व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया



सरयूपारीण ब्राम्हण समाज द्वारा विकासखंड के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमे समाज के पदाधिकारी बड़ी संख्या मे उपस्थित थें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती भावना बोहरा, अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस महामंत्री अर्जुन तिवारी, विशिष्ट अतिथि डॉ विनोद तिवारी द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम की छायाचित्र पर पुष्प-तिलक-माला पहनाकर की गई। विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा की छात्र छात्राओं की प्रतिभाएं निरंतर आगे बड़े और राष्ट्र तथा समाज के विकास मे वे अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सके। इसके लिए उनको प्रोत्साहित कर उनकी उपलब्धि समाज के बीच मिशाल के रूप मे पेश करना अति आवश्यक होता है।

उन्होंने कहा ब्राम्हण समाज को एकत्रित होना है, ब्राम्हण समाज पूर्व से ही ज्ञान और विज्ञान का धनी रहा है, जिसके फलस्वरुप भारत के सभी सर्वोच्च पदो पर विद्यमान है जो समय-समय पर इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम के फलस्वरूप आज के युवा ब्राम्हण समाज को मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। श्रीमती बोहरा ने बच्चों को सम्मानित करते हुए आशीर्वाद दिया और कहा की आज के यह बच्चे आने वाली पीढ़ी को और मजबूत करेंगे। उन्होंने समाज के बच्चों को लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने की सीख दी।

अध्यक्षता कर रहे अर्जुन तिवारी ने कहा की आज के युवा पीढ़ी शासकीय कार्य के अलावा राजनीतिक क्षेत्र मे भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे है जो की उत्कृष्ट समाज के निर्माण मे सहभागिता होती है। वहीं डॉ विनोद तिवारी ने कहा की ब्राम्हण समाज ने भारत की इतिहास मे अनेक महत्वपूर्ण योगदान दिए है जिसमे धार्मिक सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र शामिल है। इस सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त कर्मचारियों जिसमें शासकीय कार्य मे सेवा निवृत्त हुए कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। जिसमे रघुनंदन शर्मा, द्वारिका तिवारी, धनीराम शर्मा, बसंत शुक्ला, सावित्री तिवारी, टेंकेश्वर तिवारी, संतोष पाण्डेय, संतोष तिवारी, दिनेश तिवारी को समाज द्वारा श्रीफल प्रशस्ति पत्र, शाल एवं रामायण देकर सम्मानित किया गया। वहीं कक्षा 10वी एवं 12वी के प्रतिभावान छात्र-छात्राएं जिसमे दुष्यंत, निमेष, संस्कार, अखिलेश, पार्थ, समर्थ, रौनक, साक्षी, आदर्श, पीहू, प्राची, अक्षत एवं प्रतिभा शर्मा को सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से ब्राम्हण समाज अध्यक्ष नरेन्द्र तिवारी, प्रहलाद मिश्रा, नवलकिशोर पाण्डेय, हरेकृष्ण शुक्ला, भानुप्रताप तिवारी, राजेश पाण्डेय, रामनारायण तिवारी, बसंत शुक्ला, दिनेश तिवारी, क्रांति शर्मा, भीषण तिवारी, पवन तिवारी, नागेंद्र तिवारी, विशाल शर्मा, रुपेश तिवारी, स्वतंत्र तिवारी, पंकज तिवारी एवं समाज के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

### विधायक ने पंडरिया नगर में 92 लाख रुपए से अधिक के नवीन वाहनों एवं उपकरणों का किया लोकार्पण

# पंडरिया को स्वच्छ, समृद्ध व विकसित बनाने के लिए संकल्पित: भावना बोहरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

पंडरिया नगर को विकसित, समृद्ध एवं सशक्त बनाने के लिए डबल इंजन भाजपा सरकार में निरंतर विकास कार्यों, अधोसंरचना निर्माण और जनता की सुविधाओं के लिए सतत प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने पंडरिया नगर को स्वच्छ बनाने एवं नगर पालिका परिषद अंतर्गत विभिन्न कार्यों के सुचारू रूप संचालन हेतु 92 लाख 27 हजार रुपए से खरीदे गए वाहनों एवं विभिन्न उपकरणों का लोकार्पण कर नगरवासियों को बधाई दी। इस दौरान श्रीमती भावना बोहरा ने नगर को स्वच्छ बनाने के लिए 1 जेसीबी, 2 मिनी टिप्पर, डोर-टू-डोर कचरा एकत्रित करने के लिए 6 ई-रिक्शा, 1 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 1 लोबेड ट्रेलर एवं 10 व्हील बैरो का लोकार्पण किया। नगर पालिका परिषद पंडरिया में इन नवीन वाहनों और उपकरणों के शामिल होने से अब नगर को स्वच्छ बनाने एवं विभिन्न क्षेत्रों में कचरे का प्रबंधन करने में आसानी होगी। उन्होने कहा कि पिछले डेढ़ वर्षो में पंडरिया नगर में हो रहे विकास कार्यो, अधोसंरचना निर्माण और सौन्दर्यीकरण के कार्यो से हमारा पंडरिया एक नया स्वरुप ले रहा है। नगर को स्वच्छ बनाने एवं रोजाना निकालने वाले कचरों का प्रबंधन सुचारू रूप से करने के लिए आज इन सभी वाहनों और उपकरण का लोकार्पण किया गया है। जिससे अब पंडरिया नगर को स्वच्छ रखने तथा नगर को कचरा मुक्त बनाने के हमारे संकल्प को बल मिलेगा। प्रमुख नालों, तालाबों की निरंतर सफाई होगी, नगर के अंदरूनी इलाकों में डोर-टू-डोर कचरा एकत्रित किया जाएगा, वहीं सड़कों व प्रमुख चौक-चौराहों से भी कचरा साफ करने में आसानी होगी। जिससे पंडरिया नगर को स्वच्छ, स्वस्थ और समृद्ध बनाने के हमारे लक्ष्य को हम जरुर पूरा करेंगे। हमारे इस प्रयास में नगरवासियों का भी बहुमूल्य सहयोग हमें अपेक्षित है और प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान में आमजनों की सार्वजनिक भागीदारी से हम पंडरिया नगर को एक नया स्वरुप देंगे। श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि हमने जितने भी संकल्प और वादे आपसे किए हैं उन्हें पूरा करने के लिए कटिबद्ध हैं। आगामी समय में अटल संकल्प पत्र और हमर संकल्प पत्र में हमने जो अधोसंरचना विकास, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्ट्रीट वेंडर्स को आर्थिक सहायता, पीएम आवास योजना का विस्तार और अन्य जनकल्याण तथा विकास कार्यो को विस्तार देकर पंडरिया नगर को विकास के शिखर पर ले जाने का संकल्प किया है उसे अक्षरशः पूरा करेंगे। हमारा लक्ष्य है कि पंडरिया को आने वाले समय में समृद्ध व एक विकसित नगर के रूप में विकसित करेंगे जहां जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप सुविधाओं का विस्तार करेंगे। जनता ने भाजपा पर जो विश्वास प्रकट किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर अपना भरोसा जताया उसे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने निभाया है। जनहित की योजनाओं को धरातल पर लाकर जनता को सीधे उसका लाभ दिलाया है। कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार को मिटाने का काम भाजपा के सुशासन में हुआ है और आज पंडरिया नगर भी विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। इस अवसर पर नगर पालिका पंडरिया अध्यक्ष श्रीमती मंजुला देवी कुर्रे, उपाध्यक्ष सुमित तिवारी, समस्त पार्षद, नगर पालिका पंडरिया के अधिकारी व कर्मचारी एवं नगरवासी गण उपस्थित थें।

### नगर के लिए लगभग 24 करोड़ रुपए के विकास कार्यो की सौंगात डबल इंजन भाजपा सरकार के सुशासन में मिली

विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप हम विकसित व समृद्ध पंडरिया बनाने के लिए संकल्पों को सिद्धि तक ले जाने पूरी तत्परता से आगे बढ़ रहें हैं। पंडरिया नगर को एक आदर्श नगर बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं, विगत डेढ़ वर्षो में पंडरिया नगर के लिए लगभग 24 करोड़ रुपए के विकास कार्यो की सौंगात डबल इंजन भाजपा सरकार के सुशासन में मिली है। वर्षो से नगरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग हरिनाला पुल निर्माण कार्य पूर्णतः की ओर है। पंडरिया बाईपॉस का निर्माण कार्य प्रगति पर है, नए आवासों की स्वीकृति मिली है। सभी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ जमीनी स्तर पर उनका संचालन किया जा रहा है जिससे नगरवासियों को लाभ मिल रहा है।

# गुरुकुल स्कूल में एडवेंचर ग्रीष्मकालीन कैंप आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

गुरूकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को दृष्टिगत रखते हुए एडवेंचर ग्रीष्मकालीन कैंप का आयोजन एडवेंचर समर कैंप सात दिवसीय का आयोजन 8 से 14 जून तक आयोजित की गई है। इस रोमांचक ग्रीष्मकालीन कैंप में कक्षा पहली से पांचवीं तथा छठवीं से आठवी तक के विद्यार्थीगण सम्मिलित हुए। इस एडवेंचर समर कैंप की प्रमुख विशेषता एडवेंचर्स एक्टिविटी यानि रोमांचक गतिविधियों से विद्यार्थियों को परिचित कराना है। इनमें रोप क्लाइविंग, माउंटेन क्लाइंबिंग, जिप लाइनिंग, कमाण्डो, क्ले आर्ट, कोडिंग, मेहंदी, एजुकेशनल, म्यूजिक एण्ड डॉस, स्पोर्टस एण्ड फन गेम, स्कील डेवलपमेंट गतिविधि शामिल है। इसके अतिरिक्त आर्ट एण्ड क्राफ्ट, नृत्य-संगीत, विभिन्न क्रीड़ात्मक गतिविधि, स्वीमिंग पूल पार्टी, स्कैटिंग, थ्री डी शो तथा कौशलात्मक विकास पर आधारित मनोरंजन गतिविधियों शामिल है। इस सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन कैंप में विद्यालय के विद्यार्थी अपनी सहभागिता कर अपनी रूचि अनुसार अपनी प्रतिभा के विकास को सशक्त दिशा दे सकते हैं।

**आरोप:** एक दूसरे पर लगाए जा रहे है गंभीर आरोप कार्यवाही की मांग

# दशरंगपुर में सरपंच व उप सरपंच गुट के बीच बढ़ रही तकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले की ग्राम पंचायत दशरंगपुर में सरपंच गुट और उप सरपंच गुट के बीच तकरार बढ़ते ही जा रही है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में आदिवासी समाज से ताल्लुख रखने वाले ग्राम पंचायत दशरंगपुर के सरपंच तारकेश्वर सिंह ने आदिवासी समाज के लोगों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पंचायत के उप सरपंच सहित कुछ दबंगों के खिलाफ बकायदा ज्ञापन सौंपकर नामजद शिकायत दर्ज कराई थी की पंचायता कार्यो में दबंगों द्वारा अनावश्यक रूप से हस्ताक्षेप किया जा रहा है और उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित कर धमकी दी जा रही है। हालांकि ग्राम सरपंच की शिकायत पर पुलिस प्रशासन ने क्या कार्यवाही की इस बात की तो कोई जानकारी नहीं मिल पाई है लेकिन प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को ग्राम सरपंच पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए और उनकी कार्यशैली पर नाराजगी जाहिर करते हुए उप सरपंच और उनके गुट के पंचों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर रायपुर-जबलपुर नेशनल हाइवे-30 पर चक्काजाम कर दिया। पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों के इस विरोध प्रदर्शन तथा चक्काजाम की वजह से एक तरफ जहां सड़क के दोनों ओर वाहनो की लंबी कतारें लग गई वहीं भीषण गर्मी में राहगीरों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। बताया जाता है कि दरअसल बुधवार को ग्राम पंचायत दशरंगपुर में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से पंचायत भवन में निःशुल्क खसरा, बी-1 नक्शा वितरण शिविर का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू और उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी पहुंचे थे। इसी दौरान ग्राम पंचायत दशरंगपुर के उपसरपंच दुर्गेश साहू और पंचों ने कलेक्टर गोपाल वर्मा को सरपंच तारकेश्वर सिंह के खिलाफ आवेदन देते हुए गांव में चल रहे विकास कार्यों का हिसाब नहीं देने का आरोप लगाया और उनके विरूद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग करने लगे। जिस पर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जनप्रतिनिधियों को समझाईश देते हुए कहा कि इस तरह से गांव विकास रुक जाएगा। कलेक्टर ने इस संबंध में दोनो पक्षों को मुलाकात के लिए कलेक्टर कार्यालय आमंत्रित किया। लेकिन कलेक्टर के प्रस्ताव को ठुकराते हुए सरपंच के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए उपसरपंच दुर्गेश साहू और पंचों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर नेशनल हाईवे पहुंचकर चक्काजाम कर दिया।

**लोगों को उठानी पड़ी भारी परेशानी**



जिले के ग्राम दशरंगपुर से होकर चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाले नेशनल हाईवे में उप सरंपच व ग्रामीणों द्वारा चक्काजाम किए जाने से मार्ग के दोनो और छोटे-बड़े वाहनो लम्बी कतारे लग गई। जिसमें रायपुर से कवर्धा, जबलपुर और कवर्धा, जबलपुर से रायपुर की ओर आने जाने वाली कई यात्री बसे भी शामिल थी। ऐसी स्थिति में यात्रियों को भीषण गर्मी में लम्बे समय तक हलाकान और परेशान होना पड़ा। बाद में जैसे तैसे पुलिस व जिला प्रशासन के अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाईश देकर मार्ग को बहाल कराया तब कहीं जाकर जाम में फंसे लोगों ने राहत की सांस ली।

# जमीन के मुआवजे के लालच में भतीजे ने पत्नी संग कर दी चाचा की हत्या

### आरोपी पति-पत्नी किए गए गिरफ्तार



■ घटना के करीब हफ्तेभर बाद सुलझी हत्या की गुत्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले की पोड़ी पुलिस चौंकी अंतर्गत ग्राम प्रभाटोला में गत 2 जून को की गई एक बुजुर्ग ग्रामीण की हत्या का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने हत्या के इस मामले में मृतक के ही भतीजा, बहु को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक मृतक के भतीजा-बहु ने ही जमीन के मुआवजे के लालच में अपने चाचा की हत्या कर दी। पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 89/25 धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। गौरतबल है कि गत 2 जून को चौकी पोंड़ी में साहेबदास कुर्रे ने अपने चाचा अगमदास कुर्रे की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु की सूचना दी थी। प्रारंभिक मर्ग जांच के बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट में होमीसाइडल डेथ की पुष्टि हुई, जिसके आधार पर थाना बोड़ला में अपराध क्रमांक 89/25 धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान संदेह के आधार पर मृतक के भतीजे साहेबदास कुर्रे आयु 45 वर्ष और उसकी पत्नी सरोज बाई कुर्रे आयु 42 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। कड़ी पूछताछ में दोनों ने जमीन के मुआवजे की राशि पाने की नीयत से हत्या करने की बात कबूल ली।

पुलिस ने इस बात का भी खुलासा किया कि आरोपियों ने टंगिया से वार कर अपने चाचा की हत्या की। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त धारदार टंगिया और आरोपी की मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 09 जेआर 836 जब्त की है।

घटना के समय सरोज बाई द्वारा पहने गए वस्त्र भी सबूत के तौर पर पुलिस ने बरामद किए गए हैं। दोनों आरोपियों को 11 जून को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

**खबर संक्षेप**

### ग्रामीणों ने की खाद्य गोदाम निर्माण की मांग

**कवर्धा।** सिंघनपुरी में ग्रामीणों को सुविधा पहुंचने के उद्देश्य से खाद्य गोदाम का निर्माण कराया गया था। सरकारी उचित मूल्य की दुकान और गोदाम का निर्माण के लिए 5 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई थी। स्वीकृत राशि से 2011-12 में भवन बनकर तैयार हुआ। लेकिन वर्तमान में भवन पुराना होने के कारण पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। प्लास्टर गिर रहे हैं, जगह-जगह दरार पड़ चुके हैं। भवन की बदहाल स्थिति को देखते हुए गोदाम दो सालों से सामाजिक भवन पर संचालित हो रहा है। ताकि हितग्राहियों को समय पर राशन मिल सके। ग्रामीणों ने गोदाम निर्माण कराए जाने की मांग की है।

### चिल्फीघाटी में ट्रक का ब्रेक फेल, ट्रक पलटा

**चिल्फीघाटी।** चिल्फीघाटी नेशनल हाईवे 30 पर गत मंगलवार को एक ट्रक का ब्रेक फेल हो गया। इसके बाद ट्रक चालक-परिचालक ने ट्रक से कूद कर जान बचाई। दोनों के कूदने के बाद ट्रक डिवाइडर में जा टकराया और पलट गया। हादसे में चोटिल चालक-परिचालक को प्राथमिक उपचार बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। ये ट्रक दमोह एमपी से रायपुर जा रहा था। इसी बीच ये हादसा हो गया। दरअसल, राज्य की सबसे व्यस्त मार्ग ब नेशनल हाईवे 30 चिल्फीघाटी में 8 किलो मीटर का मोड़ है। यहां आए दिन हादसे हो रहे है। वहीं, हादसे के बाद ट्रक में लोड मक्का सड़क में बिखर गया। जिसकी भनक मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और मक्का ले जाने लगे। बाद पुलिस ने उन्हें रोका।

# भाजपा का संकल्प से सिद्धि अभियान आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

केन्द्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा देशभर में संकल्प से सिद्धी अभियान चलाया जा रहा है। इसका आगाज गत सोमवार को दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रेसवार्ता आयोजित कर किया। उन्होंने अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इसी प्रकार कबीरधाम जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने बताया कि राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा बुधवार को इस अभियान की शुरुआत की गई। जिले में इस अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जसविंदर बग्गा को जिला संयोजक बनाया गया है, उनके साथ सहसंयोजक के रूप में अशोक चंद्रवंशी, श्रीमती सविता ठाकुर और मुकेश ठाकुर को रखा गया है।

संकल्प से सिद्धि अभियान के जिला संयोजक जसविंदर बग्गा ने बताया कि इस अभियान में हर दिन शेड्यूल के हिसाब से कार्यक्रम होंगे। जिला एवं मंडल स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 12 जून को कवर्धा जिला मुख्यालय में प्रेसवार्ता और प्रदर्शनी तथा प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक सम्मिलित होंगे। 13 से 15 जून तक सभी मंडलों में मंडल स्तर पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा। 15 से 17 जून तक वार्ड, शक्ति केन्द्र, बूथ स्तर पर चौपाल कार्यक्रम तथा सभी स्तर पर नेताओं का प्रवास भी होगा।

21 जून को योग दिवस का कार्यक्रम होगा। इसी प्रकार 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस तक पौधरोपण, पर्यावरण एवं जल संरक्षण, एक पेड़ मां के नाम जैसे अनेक कार्यक्रम होंगे। 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि बलिदान दिवस के रूप में बूथ स्तर तक मनाई जाएगी। 25 जून आपातकाल की बरसी पर जिला स्तर पर सेमिनार, लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान, महाविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम तथा आपातकाल की बर्बरता का चित्रण करती प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

# साइबर ठगों को म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने वालों के खिलाफ जांच व कार्यवाही जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

थाना भोरमदेव में पंजीबद्ध साइबर ठगी के प्रकरण अपराध क्रमांक 28/2025 में कबीरधाम पुलिस द्वारा की गई जांच में महत्वपूर्ण मोड़ सामने आया है। गौरतलब है कि यह जिले का पहला मामला है जिसमें म्यूल अकाउंट धारकों के तीसरे स्तर तक पुलिस तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पहुंच रही है। उल्लेखनीय है कि इस प्रकरण में नामदेव साहू द्वारा आईसीआईसीआई बैंक में संचालित खाता, जो संचालक भोरमदेव कृषि केन्द्र के नाम पर खोला गया था, अब तक देशभर के 72 विभिन्न स्थानों से प्राप्त साइबर ठगी की शिकायतों के आधार पर संदिग्ध पाया गया है। इन शिकायतों के आधार पर इस खाते में 1,49,15,792.50 से अधिक की राशि फ्रीज की गई है, जबकि पहले केवल 56 शिकायतों के आधार पर 70,27,299 की राशि की ही पुष्टि हो सकी थी। पुलिस के मुताबिक अब तक इस सुनियोजित ठगी में आरोपी नामदेव साहू खाता धारक एवं संचालनकर्ता तथा सत्यनारायण दुबे खाते की गतिविधियों में सहयोगी को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले में आगे की जांच व कार्यवाही के लिए साइबर सेल की टीम रायगढ़ भेजी गई थी, जहां से टीम को कई तकनीकी इनपुट प्राप्त हुए हैं। जिनके आधार पर प्रकरण में बीएनएस की धारा 317(4), 318(2), 61(2), 111(3) के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है।

**कई राज्यों से जुड़ रही मामले की कड़ियां**

जिला पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार साइबर ठगी के इस मामले में आगे की कड़ियां उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान से जुड़ती प्रतीत हो रही हैं, जिसके आधार पर अब टीमें इन राज्यों की ओर रवाना करने की तैयारी में हैं। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में साइबर अपराध की गहराई तक पहुंचने, म्यूल अकाउंट के नेटवर्क को उजागर करने और इससे जुड़े आर्थिक लेन-देन की परत-दर-परत जांच जारी है। यह कार्रवाई राजनांदगांव रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य के मार्गदर्शन में हो रही है। पुलिस ने लोगों से किसी भी प्रलोभन में आकर अपना बैंक खाता, ओटीपी या दस्तावेज अजनबी को न देने तथा साइबर ठगी से जुड़ी किसी भी जानकारी मिलने पर तत्काल 1930 या निकटतम थाना में सूचना देने की अपील की है।

### टीबीसी एप के द्वारा संकुल पालक शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



**बोड़ला।** संकुल पालक के आदिवासी बालक आश्रम चोरभट्टी में बुधवार की सुबह 10 बजे से शिक्षकों को टीबीसी एप प्रशिक्षण दिया गया। सत्र 2025-26 में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निः शुल्क पाठ्य पुस्तक योजनांतर्ग कक्षा पहली से कक्षा 10 वीं तक प्रदाय किए जाने वाले पाठ्य पुस्तक के बारकोड को एप के माध्यम से इंद्राज व स्कैन किया जाना है। पाठ्य पुस्तकों को एप के माध्यम से इंद्राज स्कैन किए जाने हेतु आज प्रशिक्षण संकुल प्राचार्य सोहन यादव द्वारा दिया गया। जिसमें 5 प्राथमिक, 4 माध्यमिक, 1 हाई स्कूल के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। वहीं प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित शिक्षक चैतराम धुर्वे प्रधान पाठक, प्राथमिक विद्यालय बेलापानी, सुरेश धुर्वे प्रधान पाठक प्राथमिक विद्यालय पालक, भोलाराम बनवासी, प्राथमिक विद्यालय रानीदहरा की जानकारी उच्च कार्यालय को प्रेषित की गई। प्रशिक्षण में विद्यालय की साफ सफाई,वार्षिक शाला कलैंडर की जानकारी, 16 जून से शाला प्रवेश उत्सव मनाने, समय पर विद्यालय में उपस्थिति, शिक्षक डायरी संधारण, आदि के बारे में निर्देशित किया गया। प्रशिक्षण में संकुल प्राचार्य, शत्रुघन धुर्वे, सूरतिया राम साहू, अंपूर्णा यादव एवं सभी प्रधान पाठक एवं शिक्षक गण उपस्थित थे।

# सरकार के युक्तियुक्तकरण से जैतपुरी व सारंगपुरकला प्राथमिक विद्यालयों में नियमित शिक्षकों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़सरकार द्वारा लागू की गई युक्तियुक्तकरण नीति का असर कबीरधाम जिले में स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। जिले के शिक्षकविहीन और एकल शिक्षकीय विद्यालयों में अब शिक्षकों की नियमित नियुक्ति हो चुकी है, जिससे दूरस्थ ग्रामीण अंचलों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। युक्तियुक्तकरण नीति से जिले के कवर्धा विकासखंड के जैतपुरी और बोड़ला विकासखंड के सारंगपुरकला जैसे प्राथमिक स्कूलों, जो पहले शिक्षकविहीन थे, अब नियमित शिक्षक उपलब्ध हो गए है। पहले इन विद्यालयों में शालासंलग्नीकरण के माध्यम से शिक्षक की व्यवस्था की गई थी, लेकिन अब युक्तियुक्तकरण के बाद वहां स्थायी शिक्षकों की पदस्थापना की जा चुकी है। जिला शिक्षा अधिकारी वायडी साहू ने बताया कि कबीरधाम जिले में 02 प्राथमिक शालाएं शिक्षकविहीन एवं 111 प्राथमिक शालाएं एकल शिक्षकीय तथा 07 पूर्व माध्यमिक शाला और 05 हाईस्कूल एकल शिक्षकीय था। युक्तियुक्तकरण से इन स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था कर दी गई है। जिले में प्राथमिक शालाओं में 202 एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में 31 शिक्षक और हाई/हायर सेकेंडरी स्कूल में 43 व्याख्याता अतिशेष थे। जिसका युक्तियुक्तकरण के बाद शिक्षकों की समानांतर रूप से व्यवस्था कर दी गई है। उन्होंने बताया कि हमारे जिले में 02 प्राथमिक शालाओं का समायोजन किया गया है। इससे विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता के साथ ही एक ही परिसर में विद्यालय होने से आधारभूत संरचना मजबूत होगी और स्थापना व्यय में भी कमी आएगी। कबीरधाम जिले में 1609 स्कूलों में से 1607 स्कूल यथावत संचालित रहेगी। सिर्फ उन्हीं 2 स्कूलों का समायोजन किया गया है, जिनमें छात्रों की संख्या बहुत कम थी और पास में बेहतर विकल्प मौजूद थे। एक ही परिसर में स्थित विद्यालयों को समाहित किया गया है। इसके साथ ही अतिरिक्त शिक्षकों का समायोजन कर एकल शिक्षकीय और शिक्षक विहीन विद्यालयों में पदस्थापना की गई है। युक्तियुक्तकरण से लगभग 90 प्रतिशत बच्चों को तीन बार प्रवेश प्रक्रिया से मुक्ति मिलेगी और बच्चों की पढ़ाई में गुणवत्ता के साथ ही निरंतरता भी बनी रहेगी। बच्चों के ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी। अच्छी बिल्डिंग, लैब, लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं एक ही जगह देना आसान होगा।

### जिला कांग्रेस कमेटी ने मनाई कांग्रेस नेता विद्याचरण शुक्ला की पुण्यतिथि



**कवर्धा।** जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा द्वारा कांग्रेस भवन में विद्याचरण शुक्ला की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि विद्याचरण शुक्ला एक महान नेता थे जिन्होंने अपने जीवन को देश और समाज की सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसी नेताओं ने विद्याचरण शुक्ला को श्रद्धांजलि दी और उनके जीवन और कार्यों को याद किया। कवर्धा ग्रामीण अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी ने कहा कि विद्याचरण शुक्ला की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए हमें प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, कवर्धा ग्रामीण अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी, संगठन महामंत्री, बिन्नू तिवारी पार्षद, धनेश पाली, तुकेश्वर साहू, रामायण सिन्हा, जलेश्वर यादव, नरेंद्र धुर्वे पूर्व पार्षद, डोगेंद्र सेन और सुरेश वर्मा मिडिया प्रभारी शहर कांग्रेस कमेटी कवर्धा सहित कई अन्य नेता उपस्थित थे।

**किसानों व ग्रामीणों को गांव में ही निःशुल्क नक्शा, खसरा एवं बी-1 राजस्व दस्तावेज वितरण**

# जनहितकारी सोच का साकार रूप, अब राजस्व सेवाएं पहुंचीं रही गांव-गांव तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा




किसानों और ग्रामीणों को नक्शा, खसरा एवं बी-1 जैसे आवश्यक राजस्व दस्तावेज गांव में ही निःशुल्क उपलब्ध कराने की अभिनव पहल में कबीरधाम जिला राज्य का पहला जिला बन गया है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर ग्रामीण और किसानों की सुविधा के लिए इस अभियान की शुरुआत की गई है। जिसका उद्देश्य किसानों को समय पर सुविधा देना और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाना है। बुधवार को कवर्धा विकासखंड के ग्राम दशरंगपुर में कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी और जिला पंचायत सदस्य वीरेन्द्र साहू ने किसानों को नक्शा, खसरा एवं बी-1 की निःशुल्क प्रतियां प्रदान की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विनय पोयाम, मुकेश रावटे, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, तहसीलदार प्रमोद चंद्रवंशी सहित जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित थे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार ग्रामीणों और किसानों की सुविधा के लिए जिले में विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। यह छत्तीसगढ़ का पहला जिला है, जहां किसानों को नक्शा, खसरा एवं बी-1 की प्रतियां गांव में ही निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि किसानों एवं ग्रामीणों की राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए राजस्व पखवाड़ा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें प्राप्त शिकायतों का तत्काल समाधान किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व दस्तावेजों में पाई जाने वाली त्रुटियों को सुधारने का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। जिन अभिलेखों में अभी त्रुटियाँ शेष हैं, उनमें भी शीघ्र सुधार कर लिया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसानों की हर राजस्व संबंधी शिकायत का पूरी गंभीरता से निराकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रायः दस्तावेज निकालने के बाद ही त्रुटियाँ सामने आती हैं, जिससे किसानों को कठिनाई होती है। उप मुख्यमंत्री की मंशा है कि किसानों को पहले से ही उनका नक्शा और खसरा प्रदान किया जाए, ताकि वे समय रहते मिलान कर सकें और आवश्यक सुधार प्रारंभिक स्तर पर ही हो जाए। कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी किसानों से अपील की कि वे अपने नक्शा और खसरा को सुरक्षित रखें और उसका मिलान अवश्य करें। यदि किसी दस्तावेज में कोई त्रुटि पाई जाती है तो तत्काल आवेदन दें, संबंधित सुधार शीघ्र किया जाएगा।



# तेजी से हो रहा गांवों का विकास: डॉ. वीरेन्द्र साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा जिले के ग्रामीण अंचलों में लगातार मूलभूत विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान कर ग्रामीणों को सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के ग्राम झलमला में 5 लाख रूपए की लागत से निर्मित होने वाली सीसी रोड का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार गांव, गरीब, किसानो, महिलाओं सहित सभी वर्गो के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रही है।

**पेज 11 का शेष**

### शालीमार एक्सप्रेस से...

जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात उसकी स्थिति को गंभीर देखते उसे पेंड्री मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रेफर किया गया। सूचना प्राप्त होते ही मंडल सुरक्षा आयुक्त दीपचंद आर्य के मार्गदर्शन में रेल सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव प्रभारी निरीक्षक तरुणा साहू ने स्टॉफ के सदस्यों को अस्पताल भेजा, जहां से रायपुर रिफर किया गया।

### देव स्नान के बाद....

देव स्नान कराया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। स्नान के पश्चात उन्हें मंदिर में विश्राम करने के लिए पट बंद कर दिया गया। भगवान के स्वस्थ होने पर 27 जून को भगवान जगन्नाथ, बलराम एवं सुभद्राजी रथ में सवार होकर शहर भ्रमण पर निकलेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त शामिल होंगे। मंदिर समिति के गोलू नायक ने बताया कि इस वर्ष रथयात्रा पर बलागीर से बाजा मंगवाया गया है। उड़ीसा पैटर्न पर रथयात्रा निकलेगी। रथयात्रा के लिए आगामी दिनों से भव्य रथ निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इधर शहर के अन्य जगन्नाथ मंदिरों से भी 27 जून को परंपरागत ढंग से भगवान जगन्नाथजी की रथयात्रा निकाले जाने की तैयारी है। इस माह पड़ने वाले इस पर्व को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। वहीं भक्तों के बीच रथयात्रा में भगवान का रथ रस्सी से खींचने की भी उत्सुकता बनी हुई है।